प्रति, .../ न.पा.नि. / 2024–25 रायपुर, दिनांक ..................

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक – 10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
**Email:-** *rmczone10@gmail.com*

क्र. 414..../ नगर निवेश / जोन–10 / न.पा.नि. / 2024–25 रायपुर, दिनांक 10/09/2024

प्रति,

1. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर)
   जिला– रायपुर (छ.ग.)
2. थाना प्रभारी,
   टिकरापारा थाना,
3. थाना प्रभारी,
   राजेन्द्र नगर थाना,
   रायपुर (छ.ग.)

विषय :– पुलिस बल उपलब्ध कराने के संबंध में।
संदर्भ :– इस कार्यालय का पत्र क्र. 404 दिनांक 05 / 09 / 2024

—000—

संदर्भित पत्र के माध्यम से लेख है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 53 अंतर्गत वर्धमान नगर, कमल विहार गेट के सामने, हिमालयन हाईट्स डुमरतराई बाउण्ड्रीवाल के सामने एवं फुण्डहर चौक तक शासकीय भूमि पर किए गये अवैध अतिक्रमण, ठेला, गुमटी, झोपड़ी, अस्थायी दुकान, अवैध पार्किंग को हटाये जाने की कार्यवाही दिनांक **11 / 09 / 2024** को समय सुबह **07:00** बजे निर्धारित था। इस क्रम में संदर्भित पत्र के माध्यम से पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु आपको पत्र प्रेषित किया था, जो कि वर्षा ऋतु के कारण जलभराव / बाढ़ आपदा के दृष्टिगत निगम के अमला, मशीनरी एवं वाहन, निकासी एवं अन्य व्यवस्था में संलग्न रहने के कारण उक्त कार्यवाही स्थगित की जाती है। निकट भविष्य में नई तिथि निर्धारित कर आपको सूचित की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक– 10
नगर पालिक निगम, रायपुर

पृ.क्र. ........... / नगर निवेश / जोन–10 / न.पा.नि. / 2024–25 रायपुर, दिनांक ...... / ...... / 2024

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. नगर निवेशक, नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जोन स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्र. 10 न.पा.नि. रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. श्री विवेकानंद भट्टाचार्य (अध्यक्ष) वर्धमान नगर विकास समिति देवपुरी रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ प्रेषित।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक– 10
नगर पालिक निगम, रायपुर

# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक – 10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास

**Email :- rmczone10@gmail.com**


:: नोटिस ::

क्र. 408 / नगर निवेश / जोन–10 / न.पा.नि. / 2024–25 रायपुर, दिनांक 09/09/2024

प्रति,

श्री टी.श्री निवास रेड्डी (अध्यक्ष)
श्रीराम थोक सब्जी मंडी
बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53
डुमरतराई रायपुर (छ.ग.)

विषय :– पार्किंग की उचित / पर्याप्त व्यवस्था करने बाबत्।

––000––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि बाबू जगजीवनराम वार्ड क्र. 53 अंतर्गत डुमरतराई में आपके नेतृत्व में थोक सब्जी मंडी संचालित की जा रही है। इस क्रम में यह देखा जा रहा है कि आपके द्वारा उक्त स्थल पर पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है और न ही सुरक्षा की दृष्टि से कोई उपाय किया गया है। मार्ग के दोनों ओर नियमित रूप से वाहनों का बेतरतीब जमावड़ा होने से मार्ग अवरूद्ध हो जाता है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। यह स्थिति अत्यंत ही आपत्तिजनक एवं यातायात नियमों का स्पष्ट उलंघ्घन है। जबकि यह मार्ग नया धमतरी रोड (नेशनल हाईवे–53) से व्ही.आई.पी. रोड फुण्डहर एक्सप्रेस–वे को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त स्थल पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए आप पार्किंग स्थल की व्यवस्था तथा पर्याप्त संख्या में गार्ड की नियुक्ति कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करे। अपालन की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही हेतु आप स्वतः जवाबदेही होंगे।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक– 10,
नगर पालिक निगम, रायपुर

पृ.क्र. ............ / न.पा.नि. / जोन–10 / न.पा.नि. / 2024–25 रायपुर दिनांक ....................

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस अधीक्षक (यातायात–शहर), रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं संबंधित को कार्यवाही हेतु निर्देशित किये जाने प्रेषित।
3. नगर निवेशक, नगर पालिक निगम रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक– 10,
नगर पालिक निगम, रायपुर